देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 160 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
दुरुपयोग के आरोप



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 30 सितंबर 2023



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 23.0° | 65828.41 | 2 बलूचिस्तान में हुआ जोरदार धमाका | 7 रोहित शर्मा का आईफोन हो गया चोरी

# महिला आरक्षण बिल अब बना कानून

## ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी, महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी एक तिहाई सीटें

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। संसद के विशेष सत्र में लोकसभा और राज्यसभा से पारित करवाया गया ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल अब कानून बन गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी इस बिल को हरी झंडी मिल गई, जिसके बाद भारत सरकार ने एक गजट अधिसूचना जारी की है। इस बिल के कानून की शक्ल लेने की वजह से विधानसभा और लोकसभा चुनावों में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल को नारीशक्ति वंदन बिल नाम दिया है। इसके लिए कुछ दिनों पहले सरकार ने विशेष सत्र भी बुलाया था। पहले इसे लोकसभा से पारित करवाया गया, जहां पर पक्ष में 454 वोट मिले, जबकि दो सांसदों ने विरोध किया। लोकसभा से पारित होने के बाद बिल को राज्यसभा में पेश किया गया और दिनभर की चर्चा के बाद वहां से भी पास हो गया। एआईएमआईएम के सांसदों को छोड़कर, बाकी सभी सांसदों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया है। हालांकि, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की मांग इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण देने की भी है।

उल्लेखनीय है कि कोई भी कानून बनाने के लिए पहले बहुमत से विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करवाना होता है। इसके बाद बिल राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाता है। प्रेसिडेंट के साइन होते ही यह कानून की शक्ल ले लेता है। अब महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की हरी झंडी मिलने के बाद यह कानून बन गया है।

पहली बार इस बिल को साल 1996 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा की ओर से पेश किया गया था, लेकिन तब पारित नहीं हो सका। अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में भी बिल को लाया गया, लेकिन तब भी पास नहीं हुआ। बाद में साल 2008 में यूपीए–1 की सरकार के दौरान यह राज्यसभा में पेश हुआ और फिर 2010 में वहां से पारित हो गया। हालांकि, बिल को लोकसभा में नहीं पारित करवाया जा सका और फिर 2014 में सरकार जाने के साथ ही यह विधेयक भी खत्म हो गया था।

इससे पहले उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को संसद से पारित महिला आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए।



### अमल में लाने के लिए पूरी करनी होंगी ये शर्तें

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गईं हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी।

### विधेयक की आवश्यकता

लोकसभा में 82 महिला सांसद (15.2 प्रतिशत) और राज्यसभा में 31 महिलाएँ (13 प्रतिशत) हैं। जबकि पहली लोकसभा (5 प्रतिशत) के बाद से यह संख्या काफी बढ़ी है लेकिन कई देशों की तुलना में अभी भी काफी कम है। हाल के संयुक्त राष्ट्र महिला आँकड़ों के अनुसार, रवांडा (61 प्रतिशत), क्यूबा (53 प्रतिशत), निकारागुआ (52 प्रतिशत) महिला प्रतिनिधित्व में शीर्ष तीन देश हैं। महिला प्रतिनिधित्व के मामले में बांग्लादेश (21 प्रतिशत) और पाकिस्तान (20 प्रतिशत) भी भारत से आगे हैं। महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा वर्ष 1996 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल से ही की जाती रही है। चूँकि तत्कालीन सरकार के पास बहुमत नहीं था, इसलिये विधेयक को मंजूरी नहीं मिल सकी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की आजादपुर मंडी में लगी आग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली की आजादपुर मंडी में आग लगने की खबर है। आग इतनी भीषण है कि आसमान धुएं से पट गया। धुआं और आग की लपटों को देखकर वहां पर मौजूद लोगों में आफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम आनन–फानन मौके पर पहुंच गई है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। फिलहाल आग पर काबू पाने का काम जारी है।

### दानिश अली ने पीएम मोदी को लिखा लेटर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा उनके खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के मामले में जवाबदेही और दंड सुनिश्चित किया जाए।

# एक देश एक चुनाव पर विधि आयोग की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं

## दो चरणों में त्रिस्तरीय चुनाव का सुझाव दे सकता है लॉ पैनलः सूत्र

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। विधि आयोग एक देश एक चुनाव के फार्मूले पर काम कर रहा है ताकि 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के चुनाव कराए जा सकें। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सरकार ने पहले ही लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक उच्चस्तरीय पैनल का गठन किया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विधि आयोग लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक मतदाता सूची सुनिश्चित करने वाला तंत्र भी तैयार कर रहा है ताकि लागत को कम किया जा सके। हालांकि, एक साथ चुनाव को लेकर

### आयोग का काम

आयोग का काम विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने के तरीके का सुझाव देने है, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति को यह सिफारिश करने का काम सौंपा गया कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव कि एक साथ चुनाव कैसे आयोजित किए जा सकते हैं।




विधि आयोग की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हुई है, क्योंकि कई मुद्दों का निपटारा होना अभी बाकी है। विधि आयोग विभिन्न विधानसभाओं के कार्यकाल को कम या फिर बढ़ाने का सुझाव दे सकता है, ताकि एक साथ चुनाव के लिए एक मंच तैयार किया जा सके।

सूत्रों ने कहा कि रामनाथ कोविंद के पैनल की शर्तों को ध्यान में रखते हुए लोकसभा और राज्य चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनाव को शामिल कराने के लिए विधि आयोग का दायरा बढ़ाया जा सकता है।

वहीं, लॉ पैनल एक सुझाव दे सकता है कि एक साल में दो चरणों में त्रिस्तरीय चुनाव कराए जाएं। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा, जबकि दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं।

# किसानों के लिए बेहतर साबित होगा कोल्ड स्टोरेज

संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर विधानसभा के अंतर्गत थलीसैंण के जल्लू गॉंव में बीज आलू को रखने हेतु कोल्ड स्टोरेज का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज निश्चित रूप से सब्जियों और फलों की बर्बादी को कम करेगा और इसका उपयोग दवाओं या टीकों को स्टोर करने के लिए भी किया जा सकेगा।

मंत्री ने उद्यान विभाग द्वारा स्वीकृत 33.86 लाख की लागत से बने कोल्ड स्टोरेज का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पहले कोल्ड स्टोरेज की कोई सुविधा नहीं होने के कारण आलू उत्पादकों को अपनी उपज को कटाई के तुरंत बाद बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। लेकिन अब जल्लू गॉंव के किसान कोल्ड स्टोरेज में आलू रखकर डिमांड के अनुरुप उसे भेज सकेंगे। कहा की बीजीय आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखकर उद्यान विभाग द्वारा उसे खरीदा जाएगा तथा अन्य जगह उसकी सप्लाई की जाएगी। जिससे क्षेत्र के साथ साथ अन्य किसानों को बीजीय आलू खरीदने के लिए दूर दराज के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को बीजीय आलू उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि थलीसैंण क्षेत्र के लिए कोल्ड स्टोरेज बेहतर साबित होगा।

### लोकार्पण

■थलीसैंण के जल्लू गॉंव में स्थापित हुआ कोल्ड स्टोरेज

**बीजीय आलू को खरीदकर अन्य जगह उसकी सप्लाई की जाएगी**

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जल्लू गॉंव में इस वर्ष 51 परिवारों का लगभग 500 कुंतल से ज्यादा आलू का उत्पादन हुआ है। कहा की कोल्ड स्टोरेज में बीजीय आलू को रखा जाएगा जिसकी क्षमता 6 टन है। कहा कि ग्रामीणों से उद्यान विभाग द्वारा बीजीय आलू को खरीदा जाएगा तथा अन्य किसानों के डिमांड के अनुरूप उन्हें बेचा जाएगा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

## रूस–यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत का स्टैंड क्लियरः सेना प्रमुख

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे ने रूस–यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत के रुख का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे लिए राष्ट्रहित पहले है। उन्होंने भारत की विदेश नीति और कूटनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूस–यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने अपना स्टैंड क्लियर रखा। सेना प्रमुख मनोज पांडे शुक्रवार को विज्ञान भवन में पीएचडीसीसीआई के 118 वें वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। सेना प्रमुख ने कहा कि हमारी विदेश नीति और कूटनीति इस समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सत्र को संबोधित करते हुए मनोज पांडे ने कहा, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समूह, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव–ईंधन गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन, व्यापार समझौते के विस्तार और वैश्विक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए हमारे प्रयास स्पष्ट है। सेना प्रमुख ने कहा कि हमारा प्रयास आत्मनिर्भर भारत बनाने पर है। उन्होंने कहा कि हम अनुसंधान व विकास के लिए परीक्षण और प्रावधान पर जोर देते रहेंगे।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुआ जोरदार धमाका, 34 लोगों की मौत

**ब्लास्ट**

## विस्फोट जिले के डीएसपी गिश्कोरी की कार में हुआ था, जो जुलूस के किनारे मौजूद थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्वेटा। पाकिस्तान का बलूचिस्तान शुक्रवार को एक और बड़े धमाके से दहल गया है। यहां के मस्तुंग जिले में मदीना मस्जिद के पास जोरदार ब्लास्ट हुआ है। ब्लास्ट में हमलावरों ने मस्जिद के पास से गुजर रहे ईद मिलाद–उन–नबी जुलूस को निशाना बनाया है। पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक ब्लास्ट में 34 लोगों की मौत हो गई है। लेकिन अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हमले में 30 और लोग घायल बताए जा रहे हैं। ब्लास्ट काफी तगड़ा था और कहा जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। मस्तुंग के असिस्टेंट कमिश्नर अत्ताहुल मुनीम ने घायलों की संख्या की जानकारी दी।

**सुसाइड ब्लास्ट से दहला मस्तुंग:** मुनीम ने पुष्टि की कि विस्फोट डीएसपी गिश्कोरी की कार में हुआ था, जो जुलूस के किनारे मौजूद थे। एसएचओ मोहम्मद जावेद लेहरी ने बताया है कि इस घटना में एक



पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि यह एक आत्मघाती विस्फोट था। हमलावर ने डीएसपी गिश्कोरी की कार के बगल में खुद को उड़ा लिया। विस्फोट के बाद कई फोटोग्राफ्स सामने आई हैं जिनमें खून से सनी लाशें और कटे हुए अंग हर जगह बिखरे हुए नजर आ रहे हैं। किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक नहीं ली है। बलूचिस्तान प्रांत के अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और हमलावरों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। मस्तुंग, क्वेटा से करीब 51 किमी दूर दक्षिण–पश्चिम में है।

**पूरे प्रांत में आपात स्थिति लागू:** मुनीम ने बताया कि विस्फोट तब हुआ जब लोग अलफलाह रोड पर मदीना मस्जिद के पास जुलूस के लिए इकट्ठा हो रहे थे। बलूचिस्तान के अंतरिम सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा कि बचाव दल को मस्तुंग भेजा गया है। मंत्री ने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को क्वेटा ले जाया जा रहा है और सभी अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है। अचकजई ने कहा कि दुश्मन विदेशी शक्ति के दम पर बलूचिस्तान में धार्मिक सहिष्णुता और शांति को नुकसान पहुंचाना जाता है। इस ब्लास्ट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यवाहक मुख्यमंत्री अली मर्दन डोमकी ने अधिकारियों को विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है।

**लगातार निशाना बनता मस्तुंग:** मस्तुंग जिला पिछले कुछ समय से आतंकियों के निशाने पर है। इस महीने की शुरुआत में भी यहां पर एक ब्लास्ट हुआ था जिसमें जमीयत उलेमा–ए–इस्लाम–फजल (जेयूआई–एफ) के नेता हाफिज हमदुल्ला सहित कम से कम 11 लोग घायल हो गए थे। उससे एक हफ्ते पहले एक अधिकारी को बस स्टैंड पर अज्ञात लोगों ने गोली मार दी थी,। जबकि वहां से गुजर रहे दो अन्य घायल हो गए थे।

## भारत एक बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति हैः ट्रूडो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉन्ट्रियल। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत से गतिरोध के बीच कहा है कि कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रूडो ने एक बार फिर कथित आरोपों को लेकर कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता के विश्वसनीय आरोपों के बावजूद कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव की ओर इशारा करते हुए ट्रूडो ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ जुड़े रहें। गुरुवार को मॉन्ट्रियल में एक प्रेस कांफ्रेंस में बोलते हुए ट्रूडो ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी विश्व मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए उसके साथ रचनात्मक और गंभीरता से जुड़ते रहें।

**भारत एक बढ़ती हुई आर्थिक शक्तिः** उन्होंने कहा, भारत एक बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू–राजनीतिक खिलाड़ी है। जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो–पैसिफिक रणनीति में कहा था कि हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं।



लाइव शो के दौरान आपस में भिड़े नवाज–इमरान समर्थक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान के वकील शेर अफजल खान मारवात और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) (पीएमएल–एन) के सीनेटर अफनान उल्लाह खान एक लाइव टीवी शो के दौरान आपस में भिड़ गए। इसका वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय मीडिया जियो न्यूज की ओर से इस बात की जानकारी दी गई है। वीडियो में दिखाया गया है कि दोनों के बीच तीखी बहस हो रही है, जिसमें दोनों अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगते हैं। इसके बाद मारवत ने अचानक सीनेटर पर हमला कर दिया। पहले तो दोनों ने एक दूसरे को धक्का दिया और बाद में एक–दूसरे से हाथापाई करने लगे। इस भिड़ंत को रोकने के लिए टीवी शो के क्रू ने हस्तक्षेप करना पड़ा और इसके बाद उन दोनों को दूर करना पड़ा।

## भारत खुद बोल सकता है ट्रूडो के आरोपों पर अमेरिका की दो टूक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के संबंधों में दरार पैदा हो गई है। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसका खंडन करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसे बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताया था। अब इस मामले पर अमेरिका भी कूद पड़ा है।

**भारत खुद बोल सकता हैः** अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से संबंधित कनाडाई

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के संबंधों में आई दरार

आरोपों और चल रही जांच के बारे में भारत खुद बोल सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत से कनाडाई जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है।

मैथ्यू मिलर से जब यह पूछा गया कि भारत सरकार ने अमेरिका के कनाडाई जांच में सहयोग करने के आह्वान पर क्या कहा हो तो इस पर उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मिलर ने कहा कि वे खुद बोल सकते हैं। मैं निजी राजनयिक बातचीत पर बात नहीं करूंगा। जब अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता से पूछा गया कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच क्या कनाडा मुद्दे पर चर्चा होगी, तो उन्होंने कहा कि मैं सार्वजनिक तौर पर नहीं बता सकता कि दोनों के बीच क्या चर्चा होगी।

**एंटनी ब्लिंकन ने जताई थी चिंताः** इससे पहले, एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता के बारे में कनाडाई पीएम द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में अमेरिका बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जवाबदेही देखना चाहता है। हम चाहते हैं कि भारत इस जांच में कनाडा का सहयोग करे।

## चेचेन लड़ाके अंतिम सांस तक रूस के लिए लड़ेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। चेचेन नेता रमजान कादिरोव ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने पुतिन को चेचेन्या गणराज्य की स्थिति, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी चर्चा की। मुलाकात के दौरान चेचेन कमांडर रमजान कादिरोव ने कहा कि उसके लड़ाके अंतिम सांस तक रूस के लिए लड़ेंगे। वैगनर ग्रुप से यूक्रेन जंग से पीछे हटने के बाद चेचेन लड़ाकों का समर्थन को रूस के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कुछ दिनों पहले तक पश्चिमी मीडिया में चर्चा थी कि रमजान कादिरोव गंभीर रूप से बीमार है और कोमा में है। हालांकि, कादिरोव ने पुतिन से मुलाकात कर इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। इस मुलाकात के दौरान पुतिन ने कहा कि चेचेन सैनिकों के लिए शुभकामनाएं। उनके परिवारों को शुभकामनाएं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि उन्हें खुशी है कि चेचन यूनिट के अन्य फॉर्मेशन और दूसरे बलों के साथ अच्छे संपर्क हैं।

## न्यूज डायरी



### यूक्रेन युद्ध का खामियाजा ,रूस अब देरी से देगा भारत को युद्धपोत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। चीन के खतरे का सामना कर रही भारतीय नौसेना की तैयारियों को दोस्त रूस से बड़ा झटका लगा है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से भारत के नौसेना के अंदर दो एडमिरल ग्रिगोरोविच क्लास के युद्धपोतों को शामिल करने की योजना में एक साल की देरी हो गई है। अब यह रूस निर्मित फ्रीगेट साल 2025 में भारतीय नौसेना को मिल पाएगा। ये दोनों ही गाइडेड मिसाइल फ्रीगेट प्रोजेक्ट 1135.6P/M के तहत रूस के कालिनगार्ड स्थित यांतर शिपयार्ड में बनाए जा रहे हैं। यह रूसी इलाका उत्तरी यूरोप में है और बेलारूस के पास स्थित है। यह फ्रीगेट इससे पहले साल 2024 के पहले छह महीने में मिलना था लेकिन अब इसमें देरी हो गई है। इसकी वजह यह है कि रूस युद्धपोतों का निर्माण बहुत धीरे–धीरे कर रहा है और उसका पूरा फोकस यूक्रेन युद्ध पर है। यूरोएशिया टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पहले साल 2020 में कोरोना लॉकडाउन की वजह से युद्धपोत के निर्माण में देरी हुई और अब साल 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने की वजह से इसमें देरी हो रही है।

### हाफिज सईद का बेटा कमालुदीन लापता, आईएसआई को नहीं मिल रहा सुराग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। भारत को 26/11 यानी मुंबई हमलों जैसा दर्द देने वाला आतंकी हाफिज सईद इन दिनों अपने बेटे के बारे में अच्छी खबर सुनने को बेचैन है। बताया जा रहा है कि उसका बेटा कमालुद्दीन सईद 26 सितंबर से गायब है और कुछ पता नहीं चल रहा है। कहा जा रहा है कि पेशावर में उसे आखिरी बार देखा गया था। सूत्रों के मुताबिक कमालुद्दीन को कुछ बदमाशों एक कार में लेकर कहीं चले गए हैं। पाकिस्तान के कई सीनियर पत्रकारों ने दावा किया है कि इंटेलीजेंस एजेंसी आईएसआई भी उसका पता नहीं लगा पाई है। सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि कमालुद्दीन को कुछ लोग कार में लेकर कहीं चले गए हैं। उसकी गुमशुदगी की खबर से आईएसआई में हड़कंप मच गया है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि बेटे के गायब होने के बाद से बाप हाफिज सईद का भी बुरा हाल है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कमालुउद्दीन को तीन लोग अपने साथ लेकर गए हैं। जून 2021 में हाफिज के लाहौर के जौहर शहर में स्थित घर के बाहर एक ब्लास्ट हुआ था जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी।

### तालिबान और भारत के बीच करीबी से परेशान हुए अफगान राजदूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार और भारत के बीच मजबूत होते रिश्तों से अफगान राजदूत को खासी दिक्कतें हैं। अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मामूंदजे की तरफ से जो कदम उठाया गया है, उससे तो कुछ ऐसा ही संकेत मिलता है। फरीद की मानें तो नई दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास बंद होने की तरफ है। फरीद ने कहा है कि भारतीय अधिकारियों और तालिबान की तरफ से पड़ने वाले दबाव के चलते यह फैसला लेना पड़ेगा। भारत सरकार के सूत्रों की तरफ से भी कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात की पुष्टि की गई है। भारत ने कहा है कि दूतावास को बंद करने की खबरों की प्रमाणिकता की जांच की जा रही है। फरीद खुद काफी महीनों से बाहर हैं और वह किसी और देश में शरण लेने की कोशिशें कर रहे हैं। लेकिन उनकी तरफ से कई ऐसी बातें कही गई हैं जो सवाल खड़े करती हैं।

### ताइवान की पहली पनडुब्बी एकीकरण की लहर नहीं रोक सकती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के रक्षा मंत्रालय ने ताइवान के अपनी पहली पनडुब्बी पेश करने को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण की लहर को रोकने की कोशिश वाली कवायद है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने ताइवान में स्वदेशी तौर पर निर्मित पहली पनडुब्बी के जलावतरण के संबंध में संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। ताइवान ने चीन के संभावित हमले के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के तहत पनडुब्बी को अपने बेड़े में शामिल किया है।


**Page Three**

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सड़क दुर्घटनाओं को नियन्त्रित करने के लिए नियमों का कड़ाई से किया जाए पालन

**निर्देश**

## जिलाधिकारी ने रोड सेफ्टी व्हाट्स एपग्रुप तैयार करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के संबंध में रोड सेफ्टी व्हाटस एपग्रुप तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें सड़क दुर्घटना घटित होने पर संबंधित विभागों द्वारा की जाने वाली कारवाई एवं दुर्घटना के कारण की स्पष्ट सूचना उपलब्ध की जाएगी।

सड़क सुरक्षा के संबंध में सभी सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों एवं परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली सूचना के संबंध में सभी अधिकारियों को जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से माध्यम उचित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गये। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को नियन्त्रित करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने



संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में आम जनमानस को जागरूक करें ताकि कोई भी सड़क दुर्घटना ना हो। वहीं तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट समेत अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर आपसी समन्वय के साथ नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सड़क से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके अधीन जो भी सड़क दुर्घटना सम्भावित स्थल चिन्हित किये गए हैं, उन स्थानों पर जो भी सुधारीकरण कार्य एवं क्रैश बेरियर, पैराफिट लगाये जाने हैं इस पर त्वरित गति से कार्य किया जाए। जिन सड़कों में भारी बारिश के कारण मलवा पड़ा है तथा यातायात संचालन में जाम की स्थिति बनी है ऐसे स्थानों से 15 दिन के भीतर मलवा हटाने की कारवाई त्वरित गति से की जाए। अधिशासी अभियन्ता एन.एच को राष्ट्रीय राजमार्ग में नालियों एवं झाड़ियों की नियमित साफ-सफाई और कटान 15 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने परिवहन विभाग एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि जो नव निर्मित सड़कें तैयार की गई है उन सड़कों का संबंधित अधिकारी संयुक्त निरीक्षण करते हुए रोड़ पास करने की नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिनके स्तर पर भी दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच लंबित हैं वह तत्परता से जांच कराना सुनिश्चित करें ताकि दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सड़क से जुड़े अधिकारियों द्वारा क्रैश बेरियर एवं पैराफिट समेत रोड़ सेफ्टी हेतु जो भी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की फोटो एवं वीडियो उपलब्ध करवाए जाएं।

## न्यूज डायरी

### चूका में आयोजित राष्ट्रीय एंग्लिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

**संवाददाता** चंपावत। टनकपुर के चूका में आयोजित राष्ट्रीय एंग्लिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन। टनकपुर के किरोड़ा मैदान निकट एआरटीओ कार्यालय मैदान में आयोजित समारोह में विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित। 2 दिन तक चली प्रतियोगिता में 19 एंगलरों ने कैच एंड रिलीज के तहत 12 मछली पकड़ी। 'एंगलरों ने टनकपुर के चूका को बताया बेहतर डेस्टिनेशन' कहा उत्तराखंड सरकार द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए सफल आयोजन हेतु उत्तराखंड पर्यटन विभाग व मत्स्य विभाग के द्वारा की गई बेहतर व्यवस्था के लिए उनकी सराहना की।राष्ट्रीय एंग्लिंग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश भर से आए एंगलरों को पुरस्कृत किया गया। एंग्लिंग प्रतियोगिता दो कैटेगरी में आयोजित की गई थी। जिसमें सबसे बड़ी मछली पकड़ने वाले अल्मोड़ा के मोहन रयाल ने 19 किलो की गोल्डन महाशीर पकड़ कर ट्रॉफी अपने नाम की।

### जेम पोर्टल पर प्रशिक्षण दिए जाने को कार्यशाला का आयोजन आज से

**संवाददाता** चमोली। समस्त सरकारी विभागों, सार्वजनिक, उद्यमों, निगमों, स्थानीय निकायों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के सम्बन्धित कार्मिकों, क्रेता एवं विक्रेताओं के द्वारा जेम पोर्टल के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशो के क्रम में जनपद चमोली में उक्त कार्यशाला का आयोजन 30 सितम्बर ,को राइका गोपेश्वर के सभागार में किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी विभागो, सार्वजनिक, उद्यमों, निगमों, स्थानीय निकायों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के अधिकारियों तथा सम्बन्धित कार्मिको हेतु नियत तिथि 30.09.2023 समय प्रात 10.30 से 01.30 तक एवं विक्रेताओ हेतु समय अपराह्न 2.00 बजे से 05.00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### सोनी के डब्ल्यूएफ–1000एक्सएम5 ट्रू ली वायरलेस ईयरबड्स के साथ ले अनुभव

**संवाददाता** देहरादून। सोनी के डब्ल्यूएफ–1000एक्सएम5 ट्रू ली वायरलेस ईयरबड्स के साथ, उत्कृष्टता के एक नए स्तर का अनुभव करें। बहुप्रशंसित 1000एक्स श्रृंखला के बेहतरीन उत्पाद का प्रतिनिधित्व करते हुए, यह अत्याधुनिक मॉडल, परफेक्शन को पुनर्परिभाषित करता है और अद्वितीय बेहतरीन नॉइज कैंसलेशन (शोर हटाने की प्रक्रिया), उन्नत इमर्सिव साउंड का अनुभव और सोनी की अब तक की सबसे असाधारण कॉल क्वालिटी प्रदान करता है। अब आप खुद को अपने पसंदीदा संगीत में डुबो लें, क्योंकि डब्ल्यूएफ–1000एक्सएम5 आपके और आपकी धुनों के बीच एक सहज संबंध बनाता है।

# अपनी बोली–भाषा के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: सांसद तीरथ सिंह

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। गढ़वाल माननीय सांसद श्री तीरथ सिंह रावत हिंदी भाषा के उत्थान एवं प्रचार–प्रसार के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। रावत हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रचार–प्रसार के लिए विशेष पुस्तक वितरण एवं सम्मान समारोह अभियान चला रहे हैं। अभियान के तहत शुक्रवार को रुद्रप्रयाग के 108 स्कूलों को हिंदी एवं साहित्य की पुस्तकें भेंट की गई। वहीं जनपद के पांच साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग में आयोजित पुस्तक वितरण एवं सम्मान समारोह का उद्घाटन सांसद तीरथ सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, परियोजना निदेशक विमल कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबीर सिंह भदौरिया समेत अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

सांसद तीरथ सिंह रावत ने जनपदभर से पहुंचे प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि अपनी भाषा एवं बोली के उत्थान एवं प्रचार के लिए सामूहिक और सतत प्रयास होने जरूरी हैं। हम औपनिवेशिक काल के बाद से अपनी पहचान एवं संस्कृति को अपनाने एवं स्वीकारने में पिछड़ते जा रहे हैं। यह सोच बदलनी होगी, अपनी मूल संस्कृति, भाषा– बोलियों को हमेशा जीवित रखने एवं नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सब को उठानी होगी।





## 'सिंगल यूज प्लास्टिक की निकाली गई शव यात्रा'

**संवाददाता** चमोली। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं इंडियन स्वच्छता लीग 2.0' के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद जोशीमठ द्वारा 'सिंगल यूज प्लास्टिक की शव यात्रा' निकाली गई। जिसमे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जनता को जागरूक किया गया और जोशीमठ में सिंगल यूज प्लास्टिक का अंत हो चुका है यह संदेश दिया गया। जोशीमठ नगर पालिका द्वारा 01 जनवरी,2010 में जोशीमठ में पॉलीथिन कैरी बैग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया था। इसका ही परिणाम है कि जोशीमठ सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त है। नगर पालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरे देश में खत्म करने और हिमालय व वन्य जीवों को बचाने के लिए निकाली गई। प्लास्टिक कूड़े की शव यात्रा के माध्यम से पूरे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प भी लिया गया।

# लेखा–जोखा व्यवस्थित नहीं रखने पर सचिव स्वास्थ्य ने सीएमएस को लगाई फटकार

**संवाददाता** पौड़ी गढ़वाल।' सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान जिला चिकित्सालय पौड़ी का निरीक्षण किया। चिकित्सालय में विभिन्न जांच रिपोर्ट के आंकड़ों का लेखा–जोखा व्यवस्थित रूप में नहीं रखने पर सचिव स्वास्थ्य ने सीएमएस को फटकार लगाते हुए जांच रिपोर्ट के आंकड़ों को रजिस्टर में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के केंद्रीय औषधि भंडार, टेस्ट लैब, क्रिटिकल केयर सेंटर, आईसीयू, सीटी स्कैन कक्ष सहित महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर संवाद किया। चिकित्सालय के केंद्रीय

**जांच रिपोर्ट के आंकड़ों को रजिस्टर में व्यवस्थित करने के निर्देश**

औषधि भंडार के निरीक्षण के दौरान सचिव स्वास्थ्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए की जिन दवाओं की एक्सपायरी अगले माह नवंबर में निर्धारित है, उनका समय पर डिस्पोजल करना सुनिश्चित करें।

चिकित्सालय में भर्ती डेंगू के तीन मरीजों की एलिसा रिपोर्ट मांगे जाने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट का रजिस्टर मेंटेन नहीं पाया गया वहीं डेंगू की एलिसा रिपोर्ट मोबाइल फोन पर रिपोर्ट दिखाई गई। जिस पर सचिव स्वास्थ्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएस डॉ. ए तिवारी को सभी जांच रिपोर्ट के आंकड़ों को रजिस्टर में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं।

महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से संवाद करते हुए सचिव ने चिकित्सालय में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मरीजो से फीडबैक लिया। फीडबैक में मरीजों द्वारा चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया गया। सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि अतिथि तक प्रदेश में डेंगू के कुल 340 सक्रिय मामले हैं, जिन्हें लगातार निगरानी व उचित प्रबंधन के माध्यम से कम किए जाने का प्रयास निरन्तर जारी है। मौके पर अपर जिला अधिकारी ईला गिरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश कुमार, एमएस महंत इंद्रेश चिकित्सालय देहरादून डॉ.विजय सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## राजकीय इंटर कॉलेज दयूरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**संवाददाता** चम्पावत। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल तथा माननीय जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती कहकशा खान के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी पसबोला की अध्यक्षता में शुक्रवार को चंपावत के राजकीय इंटर कॉलेज दयूरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक कुटियाल द्वारा उपस्थित लोगों व छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम तथा नशे के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सचिव द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में तथा माननीय नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज दयुरी में आयोजित शिविर में पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित कला प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

*"जब जिंदगी के रास्ते साफ न दिखाई दे तो हमें बस चलते रहना चाहिए, रास्ते अपने आप बनते जायेंगे।" -अज्ञात।*





पेज थ्री
www.page3news.in

# दुरुपयोग के आरोप

**यह बात बार-बार कही जा चुकी है कि अंग्रेजी शासन के दौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं की आवाज दबाने में इसका इस्तेमाल होता था, पर आजादी के बाद जब हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गए तो राजद्रोह कानून का कोई औचित्य नहीं रह गया।**

आरती शाह।।

सुप्रीम कोर्ट ने आखिर राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता की जांच से जुड़े मामले पांच सदस्यीय संविधान पीठ को भेजने का फैसला कर लिया। गौर करने की बात है कि औपनिवेशिक शासन वाले दौर से चले आ रहे इस कानून पर सवाल लंबे समय से उठाए जा रहे हैं, इनके दुरुपयोग के आरोप भी पुराने हैं, इसके बावजूद इसका पूरी तरह हटना संभव नहीं हो पा रहा। किसी न किसी वजह से यह प्रक्रिया लंबी खिंचती चली जा रही है। यह बात बार-बार कही जा चुकी है कि अंग्रेजी शासन के दौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं की आवाज दबाने में इसका इस्तेमाल होता था, पर आजादी के बाद जब हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गए तो राजद्रोह कानून का कोई औचित्य नहीं रह गया। ऐसे में सबसे अच्छा यही था कि आजाद भारत की कोई सरकार अपनी ओर से पहल करते हुए इसे समाप्त कर देती। लेकिन किसी कारण ऐसा नहीं हुआ तो भी इस कानून का इस्तेमाल कम होते हुए बंद हो जाना चाहिए था। ऐसा हो जाता तो नाममात्र के लिए कानून के बने रहने का भी कोई खास नुकसान नहीं था। लेकिन दिलचस्प बात है कि देश की लोकतांत्रिक ढंग से चुनी तमाम सरकारें भी इस कानून का धड़ल्ले से इस्तेमाल करती रहीं और कई मामलों में इसके दुरुपयोग की बात भी स्थापित हुई।



यही वजह है कि पिछले साल मई महीने में सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की बेंच ने इस कानून के तहत की जाने वाली कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी। फिर भी सरकार का रुख इसे लेकर खास बदला हुआ नहीं दिख रहा। मंगलवार को भी कोर्ट में सरकार की ओर से यह अनुरोध किया गया कि मामले को संविधान पीठ के पास भेजना टाल दिया जाए। उसका तर्क था कि चूंकि सरकार इस कानून की जगह भारतीय न्याय संहिता विधेयक लाने ही वाली है, इसलिए क्यों न उसका इंतजार कर लिया जाए। मगर न्याय संहिता बिल के लिए रुकने की कोई जरूरत नहीं थी। एक तो इस मामले में अनावश्यक रूप से देर होती चली जा रही है।

दूसरी बात, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि न्याय संहिता विधेयक के जरिए किए जाने वाले संशोधन पिछले मामलों पर कोई असर नहीं डालेंगे। तीसरी और सबसे बड़ी बात यह कि अभी तय नहीं है कि नए विधेयक के जरिए इस कानून के प्रावधानों में आखिरकार किस तरह के संशोधन किए जाएंगे। कुछ हलकों से यह आरोप भी लग रहा है कि भारतीय न्याय संहिता विधेयक के जरिए सरकार पहले से भी ज्यादा कठोर प्रावधान लागू कराने की कोशिश में है। ऐसे में जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता पर विचार करे और फिर उसके फैसले की रोशनी में ही नए कानून बनाए जाएं।

## सुख सुकून समृद्धि

**अशोक वोहरा।**

धर्म-दर्शन



अध्यात्म ज्ञान इंसान को बुरे कर्म और अधर्म करने से रोकती है. जिस वजह से मनुष्य के मन मे सकारात्मक विचारों का ही जन्म होता है। जिससे वह पुण्य कर्मो की और अग्रसर होता है। पूरी श्रद्धा भाव से ईश्वर की पूजा करना, कीर्तन भजन करना, माला जपना, हवन करना,धर्म यात्रा करना,सत्संग करवाना या सुनना,यह सब पूर्णतः ईश्वर की भक्ति नहीं है। अतः कोई भक्ति भी तब तक पुण्य कर्म की श्रेणी में नहीं गिनी जा सकती जब तक वो निःस्वार्थ भाव से सरजनिक हित हेतु ना की जाए। जबकि ईश्वर की सच्ची भक्ति सिर्फ यहीं तक सिमित नहीं होती। बल्कि भूखे को खाना खिलाना, प्यासे को पानी पिलाना से लेकर हर पुण्य कर्म करना ही सम्पूर्ण ईश्वर भक्ति कहलाता है। इंसानियत को ताव पर रख कर भक्ति करना ये स्वयं भक्ति का अपमान है।

## संपादकीय

### बदल रहा भारत

भारत गांवों में बसता है और पिछले 20 साल में गांवों के हालात भी बदल गए हैं। भारत के गांव देश की राष्ट्रीय आय में 46 फीसदी योगदान देते हैं। देश की जीडीपी में 25–30 फीसदी हिस्सा ग्रामीण इलाकों का है। देश के 2 लाख से अधिक गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा जा चुका है। देश के तकरीबन सभी गांवों में बिजली पहुंच चुकी है। 2022 तक भारत के 5 लाख 97 हजार 464 गांवों का विद्युतिकरण हो चुका था। मोबाइल फोन भी गांवों तक पहुंच चुका है। आडीसी इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, आंकड़े से भारत की तरक्की का अंदाजा लगाइए कि पिछले साल भारत के गांवों में 122 मिलियन स्मार्टफोन बिके थे। 2023 के पहले क्वॉर्टर में 24 मिलियन स्मार्ट फोन भारत के गांववालों ने खरीदा है। जनवरी से मार्च के बीच 5जी वाले 10 स्मार्टफोन में 3 गांववालों ने ही खरीदे हैं। गांवों में इंडिया के शहरों के मुकाबले 20 फीसदी ज्यादा इंटरनेट यूजर हैं। गांवों में प्राइवेट स्कूल खुले हैं। शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, साफ पेयजल और सड़क जैसी बेसिक सुविधाएं भारत में आसानी से नहीं मिलती। भारत वालों को इलाज और पढ़ाई के लिए इंडिया के शहर में पलायन करना पड़ता है। आज भी भारत की छवि में निगेटिविटी ढूंढने वालों को लगता है कि गांवों के सभी किसान आज भी मदर इंडिया के सुक्खी लाला जैसे साहूकारों के चंगुल में रहते हैं।

भारत गांवों के खेत, खलिहानों में बसता है जबकि इंडिया समृद्ध है, शहरों में दिखता है। इंडिया वाले बड़ी-बड़ी इमारतों में रहते हैं और मॉल में शॉपिंग करने कार से जाते हैं। इंडिया के बच्चे बड़े अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ते हैं

# भारत और इंडिया की राजनीतिक बहस

विश्वनाथ सुमन।।

देश की राजनीति में इंडिया की एंट्री हुई और अब भारत ने इस सियासत में कूद लगाई है। भारत और इंडिया की राजनीतिक बहस शुरू हो गई है। भारत को गांव के हवाले कर दिया गया और इंडिया की कमान चमकने वाले शहरों ने संभाली। मगर भारत के नाम पर नाक–भौं सिकोरने वाले यह भूल गए कि गांव भी अपग्रेड हो चुके हैं। इंडिया में भारत की तलाश सिर्फ बौद्धिक मगजमारी रह गई है। 2024 लोकसभा चुनाव में भारत ही वोट करेगा। नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में 9 सितंबर को हुए जी–20 के मेहमानों ने डिनर किया, मगर इससे पहले के आमंत्रण पत्र ने भारत की राजनीति में उबाल ला दिया है। निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत होने की खबर से खलबली मची है। मीटिंग से पहले केंद्र सरकार ने ट्विटर हैंडर जी20 इंडिया को भी अपडेट कर जी20 भारत लॉन्च कर दिया है।

कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने पहले इस मुद्दे को उठाया और विपक्ष ने बीजेपी पर हमले शुरू कर दिए। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीजेपी 'इंडिया' से डरी हुई है, इसलिए संविधान बदलने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इस धरती से 'इंडिया' शब्द को मिटा नहीं सकते। इसके जवाब में बीजेपी अध्यक्ष जे



पी नड्डा ने सवाल किया कि कांग्रेस को भारत से जुड़े गर्व और सम्मान से जुड़े विषयों पर आपत्ति क्यों हैं। बीजेपी सांसद हरनाथ सिंह समेत बीजेपी के नेता भी भारत के समर्थन में आ गए। विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया भी आगबबूला है। गठबंधन के नेताओं का मानना है कि इंडिया के भय के कारण नरेंद्र मोदी सरकार नाम के पीछे पड़ गई है।

पिछले शुक्रवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भारत की वकालत की थी। मोहन भागवत ने कहा था कि प्राचीन काल से भारत नाम ही चलता रहा है, अब इसी को आगे बढ़ाना चाहिए। इसके तुरंत बाद राष्ट्रपति का आमंत्रण पत्र पर भारत की मौजूदगी से सियासत गरमा गई है। विवाद के बाद संविधान के आर्टिकल 1 में इंडिया दैट इज भारत की तलाश भी पूरी हो गई मगर चुनाव में भारत टे इंडिया की लड़ाई पक्की हो गई है। विपक्षी दलों ने इंडिया के जरिये जो चुनावी माहौल बनाया, उस पर नाम का विवाद पानी फेर सकता है। भारत टे इंडिया बहस पुराना है मगर नाम को लेकर राजनीति नई है। दरअसल भारत की 300 लोकसभा सीटें गांवों में हैं और करीब 125 सेमी अर्बन सीटें हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में देश का फैसला भारत ही करेगा।

भारत और इंडिया के फर्क को लेकर एक लाइन दशकों से मशहूर है कि इंडिया के भीतर भारत बसता है। मजबूरी और गरीबी में भारत तलाशने वालों ने इंडिया में एक लकीर खींच दी। यूरोप से प्रभावित लोगों ने 70 के दशक में भारत को सांप–संपेरों का देश साबित करना शुरू किया। भारत गांवों के खेत, खलिहानों में बसता है जबकि इंडिया समृद्ध है, शहरों में दिखता है। इंडिया वाले बड़ी–बड़ी इमारतों में रहते हैं और मॉल में शॉपिंग करने कार से जाते हैं। इंडिया के बच्चे बड़े अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ते हैं और लंच बॉक्स लेकर स्टडी के लिए जाते हैं। भारत के नौनिहाल दाल–रोटी खाकर ऐसे सरकारी स्कूल में पढ़ने जाते हैं, जहां बेंच नहीं होते हैं। इंडिया सुविधाजीवी है, भारत संघर्ष का नाम है।

### अष्टयोग-5060

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 6 | 1 | | 4 | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 5 | | 2 | | 1 | | 3 |
| | 40 | | 27 | 4 | 24 | |
| 7 | | 5 | | | 2 | |
| 6 | 37 | | 38 | 7 | 33 | 2 |
| | | 3 | 4 | | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5059 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 29 | 6 | 33 | 6 | 37 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### भारत की तबीयत में इंडिया का घालमेल

**मोहन।** जब बिजली और इंटरनेट गांवों में पहुंचा है तो भारत की तबीयत में इंडिया का घालमेल भी हुआ है। सभ्यता का विकास संस्कृति को भी प्रभावित करती है। अब बर्थडे के केक शहरों में नहीं, गांवों में भी कटते हैं। हैप्पी बर्थ डे टु यू वाला सॉन्ग अधबने कच्चे–पक्के मकानों में भी गूंजता है। सेल्फी और रील्स बनाने वाले स्टार झारखंड, बिहार, उत्तराखंड और यूपी के गांवों में लाइक और सब्सक्राइव के झंझट में उलझे हैं। मगर भारत की एक कसक अभी भी बाकी है। सरकारों की नीतियों के कारण गांवों के युवा दशकों से इंडिया वाले शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। पलायन की यह परंपरा खत्म नहीं हुई है। नतीजा यह है कि आज गांव में होने वाले भोज में कैटरर्स की एंट्री हो गई है। अनजान मेहमानों का किसी के दरवाजे पर अब गुड़ और पानी से स्वागत नहीं होता। दालान सूने हो रहे हैं। मगर इतनी राहत है कि कोई न कोई अजनबी मुसाफिर को सही अता–पता बता देता है। खुशी और गम में गांव वाले एकजुट हो जाते हैं, भारत की तरह। इंडिया वाले बनकर मुश्किलों से मुंह नहीं फेरते।






## झलक दिखला जा 11 में आयशा सिंह के साथ भागे नील भट्ट!

जब से बिग बॉस 17 का ऐलान हुआ है तब से कई कंटेस्टेंट्स के नामों की चर्चा चल रही है। बीते दिनों खबरें आई थीं कि गुम हैं किसी के प्यार में की एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा हिस्सा ले सकती हैं। वहीं अब जो लेटेस्ट डिटेल्स सामने आई है, उसे पढ़कर फैंस हक्का बक्का रह जाएंगे। जी हां, इधर बिग बॉस 17 में ऐश्वर्या के जाने की चर्चा क्या चली, उधर एक्ट्रेस के पति नील भट्ट को दूसरा शो ऑफर हुआ है। बिग बॉस तक के रिपोर्ट के मुताबिक, नील भट्ट को–एक्ट्रेस आयशा सिंह के साथ झलक दिखलाजा सीजन 11 में हिस्सा ले सकते हैं। गुम हैं किसी के प्यार में सीरियल में नील भट्ट ने विराट तो आयशा सिंह ने उनकी पत्नी का किरदार सई का रोल प्ले किया था। झलक दिखला जा सीजन 11 में नील भट्ट और आयशा सिंह के हिस्सा लेने की चर्चा चल रही है। लेकिन अभी तक दोनों ने इस पर ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। अगर वाकई दोनों शो में नजर आए तो फैंस के लिए इस जोड़ी को देखना काफी दिलचस्प होगा। वहीं कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि बिग बॉस 17 के मेकर्स ने ऐश्वर्या शर्मा को शो के लिए अप्रोच किया गया है। लेकिन अभी तक ऐश्वर्या शर्मा ने भी इन खबरों पर रिएक्ट नहीं किया है। बिग बॉस 17 में अंकिता लोखंडे, न्यारा बनर्जी समेत कई स्टार्स के आने की चर्चा है।

## संध्या राठी यानी दीपिका सिंह ने अपना एक डांस वीडियो शेयर किया

टीवी शो दीया और बाती हम से मशहूर हुईं दीपिका सिंह ने बाद में और भी टीवी शोज किए, पर लोग उन्हें आज भी संध्या बींदणी के नाम से ही याद करते हैं। दीपिका सिंह लंबे समय से टीवी की दुनिया से दूर हैं, पर सोशल मीडिया पर धमाल मचाए हुए हैं। इस वक्त उनके एक डांस वीडियो की चर्चा हो रही है, जिसमें वह कलियों जैसा हुस्न जो पायाश पर जबरदस्त ठुमके लगा रही हैं। संध्या राठी ने साड़ी पहनकर इस गाने पर जो डांस किया है, उसे देख फैंस फिदा हो गए हैं, और जी–भरकर कमेंट कर रहे हैं। कुछ तो यह भी पूछ रहे हैं कि आखिर उन्होंने ऐसा डांस सीखा कहां से? लेकिन कुछ यूजर्स ने दीपिका सिंह के डांस मूव्स को देख उल्टे–सीधे कमेंट किए, और मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक ने लिखा, श्ऐसा खतरनाक डांस आपने कहां से सीखा? एक अन्य यूजर ने लिखा– एक और गाने का सत्यानाश। हालांकि फैंस ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया, और कहा कि उन्हें जिसमें खुशी मिलती है, वो काम करना चाहिए।

## दीपिका कक्कड़ और ननद सबा ने अपने पतियों को गिफ्ट किया आईफोन 15



दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम अपने बेबी बॉय रुहान के माता–पिता बन गए हैं। इन सबके बीच, यह दोनों और उनकी बहन सबा अपने परिवार से जुड़ी दिलचस्प बातें बताते रहते हैं। अपने हालिया व्लॉग में, दीपिका ने शेयर किया कि कैसे जब उन्हें ननद के प्रेग्नेंट होने और बाकी चीजों के बारे में पता चला, उनके रिश्ते बेहतर हो गए। साथ ही दीपिका ने पति शोएब को कुछ खास गिफ्ट भी दिया है। नई सीरीज लॉन्च होने के बाद पति शोएब को बिल्कुल नया आईफोन गिफ्ट में देती हैं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। दीपिका और उनकी ननद सबा दोनों ने अपने पतियों शोएब और सनी को लेटेस्ट फोन से सरप्राइज दिया। शोएब खुश दिखे और उन्होंने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं था क्योंकि वे इसे खरीदने वाले थे लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनकी पत्नी उन्हें यह गिफ्ट में देंगी। शोएब ने बड़े ही प्यारे अंदाज में पत्नी दीपिका से अपना फोन अनबॉक्स कराया। शोएब ने यह भी शेयर किया कि वह अब अपने नए फोन से व्लॉग करेंगे। एक यूजर ने दीपिका से सवाल किया कि पति शोएब के बाद वह किसके सबसे करीब हैं।

# विजय सेतुपति को राजनेताओं से मिल रही थी धमकी!

साउथ एक्टर विजय सेतुपति शुरुआत में स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 800 के लिए लीड एक्टर के रोल में चुने गए थे, जो कि श्रीलंकाई क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन पर आधारित एक बायोपिक है। हालांकि, बाद में अज्ञात कारणों के चलते एक्टर ने फिल्म से किनारा कर लिया। हाल ही में, मुथैया ने खुलासा किया कि विजय ने फिल्म से बाहर क्यों निकलने का फैसला किया और कहा कि यह जबरदस्त दबाव के कारण हुआ था।

**मुथैया मुरलीधरन ने किया खुलासा**

मुथैया मुरलीधरन ने खुलासा किया कि राजनेताओं ने विजय सेतुपति और उनके परिवार को धमकी दी थी। मुथैया मुरलीधरन ने विजय सेतुपति के फिल्म 800 से बाहर निकलने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, आईपीएल में मेरे समय के दौरान, मेरे डायरेक्टर ने बताया कि विजय सेतुपति एक शूटिंग के लिए उसी होटल में ठहरे थे। हालांकि मैं विजय का फैन हूं। इस वो मुझसे मिलने के लिए सहमत हो गए। उन्होंने स्क्रिप्ट के लिए पांच दिन बाद समय निकाला। इसे सुनने के बाद, उन्होंने फिल्म के लिए एक्साइटेड होते हुए कहा कि वह इस तरह के मौके को नहीं छोड़ेंगे और इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए खुश हैं। इसके बाद, हमने उनके साथ डील पक्की कर ली और प्रोडक्शन हाउस भी इसमें शामिल हो गया।

**विजय सेतुपति को राजनेताओं से मिल रही थी धमकी**






क्रिकेटर ने खुलासा किया कि कुछ राजनेताओं ने विजय को उनका किरदार न निभाने की धमकी दी थी। मुथैया नहीं चाहते थे कि उनकी और उनकी फिल्म की वजह से विजय सेतुपति का करियर खराब हो जाए। उन्होंने कहा कि 800 एक स्पोर्ट्स फिल्म है और इसका राजनीति से कोई लेना–देना नहीं है।

**विजय सेतुपति ने क्यों छोड़ी वो फिल्म?**

विजय सेतुपति के बाहर निकलने के बाद, मेकर्स ने उनकी जगह स्लमडॉग मिलियनेयर फेम मधुर मित्तल को लिया। 800 दुनिया भर में 6 अक्टूबर को तमिल, अंग्रेजी और सिंहली सहित कई भाषाओं में रिलीज होने वाली है।

# 48 की रवीना टंडन और 18 साल की राशा को देख फैंस कंफ्यूज

*बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की तरह उनकी बेटी राशा थडानी भी एकदम कमाल हैं। उनकी हर बार तस्वीरें आते ही छा जाती है। सोशल मीडिया पर राशा थडानी का नया वीडियो सामने आया है जिसमें वह कैजुअल लुक में बेहतरीन दिख रही हैं।*



बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन तो पिछले कई दशक से इंडस्ट्री पर राज कर रही हैं। अब उनकी बिटिया रानी भी इस राह पर निकल पड़ी हैं। बॉलीवुड डेब्यू से पहले ही रवीना टंडन और अनिल थडानी की बेटी राशा थडानी काफी सुर्खियां बटोरती हैं। हाल में ही वह कार्तिक आर्यन के घर गणेश उत्सव में शामिल हुई थीं, जहां उन्हें देखते ही फैंस दिल हार बैठे थे। अब राशा थडानी का नया वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद फैंस उनकी तारीफ करते नहीं दिख रहे हैं। हाल में ही राशा थडानी एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं, इस दौरान वह कैजुअल लुक में नजर आईं। उनके वीडियो पर फैंस जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। राशा का लुक और सिंपलसिटी देख लोग उनकी कमेंट बॉक्स में खूब तारीफ करने लगे।

**मां रवीना टंडन की कार्बन कॉपी हैं राशा**

कुछ फैंस ने तो राशा को रवीना टंडन की कार्बन कॉपी बताया तो कुछ ने कहा कि राशा तो अपनी मम्मी से भी चार कदम आगे हैं। वह अभी से बहुत ही पॉपुलर हैं और कैसे अटेंशन हासिल करनी है, ये बखूबी समझती है।

**फैंस हुए कंफ्यूज, रवीना हैं या राशा**

48 की रवीना टंडन पर भारी पड़ीं 18 साल की बेटी राशा, लोग बोले– यार मम्मी को क्रश बनाऊं या बेटी को। एक फैन ने लिखा, यार मैं तो कंफ्यूज हो गया हूं, बेटी को क्रश बनाऊं या मां को। एक यूजर ने लिखा, ये बिल्कुल रवीना टंडन जैसी हैं। फेस कट से लेकर नैन नक्श एकदम मां की तरह है।

**रवीना टंडन के चार बच्चे**

मालूम हो, रवीना टंडन के चार बच्चे हैं। दो बेटियां उन्होंने शादी से पहले गोद ली थी। जिनका नाम पूजा और छाया है। फिर अनिल थडानी से शादी के बाद रवीना टंडन दो बच्चों की मां बनीं एक बेटा रणबीर थडानी और एक बेटी राशा। एक्ट्रेस की बेटी राशा के नाम का मतलब होता है बारिश की पहली बूंद।

# गैस को कभी न करें नजरअंदाज, यह हो सकती है कैंसर की शुरुआत



**'अपनी दिक्कत बताने में झिझकें नहीं महिलाएं'**
डॉक्टर के अनुसार, महिलाओं को रिप्रोडक्टिव ऑर्गन पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह बॉडी सेंसिटिव पार्ट होता है। कई महिलाएं अपने घर में कुछ बताने से कतराती हैं। लेकिन, उन्हें झिझकना नहीं चाहिए।

*कई बार महिलाएं गैस की शिकायत करती हैं लेकिन वे डॉक्टर के पास नहीं जातीं। घरेलू नुस्खे आजमाकर इसे नजरअंदाज कर जाती हैं। घर वाले भी उतना ध्यान नहीं देते। लेकिन, यह अनदेखी भारी पड़ सकती है, क्योंकि कई बार पेट में बनने वाली गैस और कच्ची डकार आम बात नहीं होती।*

गैस की शिकायत होना रिप्रोडक्टिव ऑर्गन यानी कि प्रजनन अंग में किसी बीमारी के फैलने की संकेत हो सकती है। यह कैंसर की भी शुरुआत हो सकती है। दरअसल, रिप्रोडक्टिव ऑर्गन में होने वाले कैंसर के अधिकतर लक्षण इसी तरह देखने को मिलते हैं। इससे मरीज देरी से अस्पताल पहुंचता है और कई बार वह पार्ट काटकर निकालना पड़ता है। यह लक्षण सर्वाइकल कैंसर की शुरुआत में देखने को मिलता है। यूटरस के माउथ को सर्विक्स कहते है और इसमें होने वाला कैंसर सर्वाइकल होता है।

**वाइट डिस्चार्ज भी हो सकता है कैंसर का लक्षण**
डॉक्टर के अनुसार, रिप्रोडक्टिव में दूसरा सबसे आम कैंसर यूटरस से संबंधित होता है। महामारी की अनियमितता और अधिक मात्रा में वाइट डिस्चार्ज हो रहा है, तो उसे अनदेखा नहीं करना चाहिए। क्योंकि, बच्चेदानी का कैंसर बनने से पहले 8 से 15 साल तक प्री–कैंसर स्टेज पर होता है। ऐसे में अगर पहले ही इसका पता लग जाए तो उसे ठीक किया जा सकता है। यह कैंसर का शुरुआती लक्षण होता है। गंभीर लक्षण में सैक्सुअल एक्टिविटी करते समय खून आना और डिस्चार्ज में बदबू जैसे लक्षण शामिल होते हैं। ऐसे लक्षणों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए।

**'मोटापे से भी बढ़ रहे हैं इस तरह के केस'**
डॉक्टर के मुताबिक, ओवरी कैंसर के बारे में पता लगाना थोड़ा मुश्किल होता है। इसके लक्षण बहुत सामान्य होते है, जैसे कि गैस बनना और कच्ची डकार आना। अगर, दवा लेने के बाद भी ठीक नहीं हो रहा है और लगातार गैस बन रही है, तो डॉक्टर को दिखा लेना चाहिए और अल्ट्रासाउंड करवा लेना चाहिए। इसके अलावा वाइट दाग या मस्से बन रहे हैं तो उसे भी दिखा लेना चाहिए। कई बार इन्ही चीजों में ही ट्यूर होता है, जो पता चला नहीं पाता। मोटापा और आलसी लाइफ स्टाइल की वजह से भी यूटरस के मामले पिछले साल में बढ़े हैं।




## ऑफिस खुलते ही जहर खरीदने को टूट पड़े लोग, फेफड़ों में भरी गंदगी ऐसे करें साफ

जब से वर्क फ्रॉम ऑफिस शुरू हुआ है, तब से ऑफिस जाने वालों का स्ट्रेस बढ़ गया है। रास्ते में ट्रेफिक से स्ट्रेस, फिर टारगेट का स्ट्रेस और साथ में खर्चे का स्ट्रेस, इसके अलावा भी कई चीजों का स्ट्रेस हो सकता है। अब ऐसे में सिगरेट पीने वालों को स्मोकिंग का बहाना ना मिले, ऐसा हो ही नहीं सकता। एक ताजा रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि कोविड–19 आने के बाद जब से ऑफिस खुला है तब से सिगरेट की डिमांड काफी बढ़ गई है और इस वित्तीय वर्ष भी 7–9 प्रतिशत बढ़ सकती है। सिगरेट पीने का कारण कुछ भी हो मगर ये आपकी बॉडी में जहर की तरह काम करता है। आपके फेफड़े डैमेज होने लगते हैं और सांस लेने की ताकत कम हो जाती है। लंग कैंसर का सबसे बड़ा कारण धूम्रपान माना जाता है। अगर आप धूम्रपान करते हैं या कभी किया है तो फेफड़ों को साफ करना बहुत जरूरी है। सिगरेट का तंबाकू क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज का प्रमुख कारण है। इस बुरी आदत से सांस की नली ब्लॉक हो जाती है और सांस की बीमारी होने लगती है। इसके मरीज अक्सर खांसी, सांस फूलना, सांस लेने के दौरान आवाज आना, छाती में जकड़न महसूस करते हैं। कार्डियोवैस्कुलर डिजीज के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें स्मोकिंग भी आती है।

## दिल को न ले डूबे पतले होने की जल्दबाजी, इस वजह से आ रहा ज्यादा हार्ट अटैक

पिछले दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति ट्रेडमिल पर भाग रहा था और अचानक वह नीचे गिर जाता है। बाद में पता चलता है कि उसे सडन कार्डिएक अरेस्ट आया था, जोकि हार्ट अटैक का ही एक रूप है। यह अकेला वीडियो नहीं था। इससे पहले भी कई वीडियो वायरल हो चुके, जिनमें कई लोग नाचते हुए नीचे गिर गए। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि जिम या कोई ऐसी ऐक्टिविटी करने से जिसमें आपकी हर्ट बीट अधिक बढ़ने लगती है, उस दौरान क्या करना चाहिए। डॉ. तरुण कुमार के अनुसार, ऐसा नहीं है कि भारत में अचानक से हार्ट अटैक या कार्डिएक अरेस्ट के मामले बढ़े हैं। सोशल मीडिया की वजह से वीडियो वायरल हो जाते हैं। हालांकि, युवाओं में इस तरह की घटना पहले कम देखने को मिलती थीं। अब इस तरह की घटना अधिक देखने को मिल रही हैं। इसकी वजह कई हैं, जिसमें से एक अचानक हैवी एक्सरसाइज करना है।

## इस चीज का डोसा खाने से एकसाथ निकल जाएगा कोलेस्ट्रॉल–शुगर




न्यूट्रिशनिस्ट जूही कपूर ने बताया कि गंदे कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और बेली फैट को जौ का डोसा खाने से कंट्रोल किया जा सकता है। जौ गंदे कोलेस्ट्रॉल को फ्लश आउट करने में मदद करता है। इसे खाने के बाद ब्लड ग्लूकोज में भी कम स्पाइक आता है। जिससे कई सारी बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। जौ के अंदर बीटा ग्लूकेन नाम का बढ़िया सॉल्यूबल फाइबर होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल रखता है। सॉल्यूबल फाइबर पचने के बाद जेल जैसा एक तत्व बनाते हैं, जो ग्लूकोज को तेजी से अवशोषित होने से रोकता है। इसी वजह से आपका ब्लड शुगर मेंटेन रहता है। इस वजह से जौ को डायबिटिक या प्री–डायबिटिक लोगों के लिए काफी फायदेमंद माना गया है। डायबिटीज कंट्रोल करने वाले बीटा–ग्लूकेन ही लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम करते हुए देखे गए हैं। इस एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को ही गंदा और हानिकारक माना गया है। क्योंकि यह नसों में चिपक जाता है और ब्लड सर्कुलेशन को खराब करता है। हार्ट डिजीज और हार्ट अटैक बढ़ने का यह मुख्य कारण है। बीटा ग्लूकेन कोलेस्ट्रॉल से जुड़ जाते हैं और उसे खींचकर शरीर से बाहर ले आते हैं। अगर वेट लॉस की बात करें तो जौ का बीटा ग्लूकेन इसमें भी जरूरी है। इसे खाने से पेट देर तक भरा रहता है और भूख कंट्रोल करने वाले गट हॉर्मोन का उत्पादन बढ़ाता है। इससे शरीर कैलोरी डेफिसिट में चला जाता है।

# शरीर तोड़कर रख देगी एनर्जी की कमी, खा लें ये चीज


*हेल्दी और फिट रहने के लिए एनर्जी का होना बहुत जरूरी है। एनर्जी की कमी बताती है कि आपके शरीर में किसी न किसी चीज की कमी है। इनमें आयरन, हीमोग्लोबिन, प्रोटीन, फोलिक एसिड प्रमुख हो सकते हैं। समस्या की वजह से आलस और कमजोरी घेर लेती हैं और पूरे दिन नींद के झोंके आते रहते हैं।*

**अगर आप एनर्जी की कमी झेल रहे हैं?**
अगर आपका मन भी काम में नहीं लगता या बोरियत होती है? शरीर में ताकत की कमी लगती है? अगर डिप्रेशन जैसा लगने लगता है तो डाइट में 3 फूड डालें। मशहूर न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर के मुताबिक ये फूड्स एनर्जी बूस्टर का काम करते हैं और पूरे दिन शरीर में बच्चे की तरह एनर्जी भरी रखेंगे।
एनर्जी के लिए क्या खाना चाहिए?



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**हलीम**
हीमोग्लोबिन की कमी से शरीर थका–थका महसूस करता है, इसकी कमी से दिमाग को ऑक्सीजन रिच ब्लड नहीं मिल पाता है। जिससे वो काम करना धीमा कर देता है। हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए हलीम बीज खाने चाहिए। मराठी में इन बीज को अलीव भी कहा जाता है, जो फोलिक एसिड और आयरन देते हैं। इनसे हीमोग्लोबिन बढ़ने लगता है और थकान भाग जाती है। हलीम के लड्डू बनाकर दो वक्त के खाने के बीच या फिर रात में सोने से पहले दूध के साथ खा सकते हैं।



**उसल**
कई बार खाने से पर्याप्त मिनरल नहीं मिल पाते हैं। इसकी वजह से खून में पर्याप्त शुगर या प्रोटीन नहीं मिल पाता और एनर्जी कम रहने लगती है। रुजुता दिवेकर के अनुसार इसे बढ़ाने के लिए उसल का सेवन कर सकते हैं। उसल बनाने के लिए साबुत तुअर (अरहर) दाल को 5 से 6 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें। इसके बाद इन्हें निकालकर एक मलमल के कपड़े में लपेट दें और कहीं टांग कर अंकुरित होने दें। अंकुरित होने के बाद इसकी सब्जी, उसल बनाया जा सकता है। इसे लंच या डिनर में खाएं। आप इसे दोपहर और रात के खाने के बीच शाम को भी खा सकते हैं।

**काजू**
थकान का सीधा संबंध दिमाग से होता है। ब्रेन एक्टिवनेस बढ़ाने के लिए काजू से बेहतर कुछ नहीं है। अक्सर हम ये सोचकर काजू नहीं खाते कि इनसे कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। लेकिन रुजुता दिवेकर ने इसमें कोलेस्ट्रॉल होने से नकारा है और बताया है कि इसमें फाइटोस्टेरोल्स है, जो दिल को हेल्दी रखने वाले एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाते हैं। इसमें मैग्नीशियम भी होता है, जो नसों को रिलैक्स करता है। दो मील के बीच में मुट्ठीभर काजू खा सकते हैं या फिर सोते वक्त दूध के साथ भी इसका सेवन कर सकते हैं।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने गोल्ड के बाद जीता सिल्वर



व्यक्तिगत इवेंट में ऐश्वर्य को सिल्वर

इसी कैटेगरी के व्यक्तिगत इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। फाइनल में ऐश्वर्य का स्कोर 459.7 रहा। वह चीन के लिंशु डू के बाद दूसरे नंबर पर रहे। स्वप्निल कुसाले मेडल से चूक गए और वह चौथे स्थान पर रहे। नीलिंग और प्रोन के बाद कुलासे मेडल की रेस में टॉप पर थे। लेकिन स्टैंडिंग में पहला शॉट खराब होने की वजह से वह रेस से बाहर हो गए।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगझोउ। भारत के स्वप्निल कुसाले और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने क्वालीफाइंग सेक्शन में नए एशियाई रिकॉर्ड बनाए। इसकी मदद से भारत ने एशियन गेम्स 2023 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीत लिया। कुसाले ने इनर 10 क्षेत्र में 33 हिट के साथ 591 का स्कोर बनाया, जबकि तोमर का भी यही स्कोर था, लेकिन इनर 10 क्षेत्र में उनके पास 27 शॉट थे और उन्होंने रिकॉर्ड साझा किया। भारतीय टीम में अखिल श्योरण भी शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 587 का स्कोर बनाया और क्वालीफाइंग चरण में 5वें स्थान पर रहे, लेकिन फाइनल में जगह नहीं बना सके क्योंकि नियम फाइनल में एक देश से केवल दो प्रतिभागियों को अनुमति देते हैं। लेकिन श्योरण ने फिर भी पदक जीता क्योंकि भारतीय टीम संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर रही और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। कुसाले, तोमर और श्योरण के शानदार प्रयास की बदौलत भारत ने टीम स्पर्धा में कुल 1769 अंक हासिल किए और चीन (1763) को पीछे छोड़कर गोल्ड मेडल जीता।

## न्यूज डायरी



### रोहित-कोहली नहीं, विश्वकप में ये खिलाड़ी होंगे असली गेम चेंजर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद वर्ल्ड नंबर 1 वनडे टीम बन गई है। वनडे में नंबर होने के साथ ही टीम इंडिया विश्व कप में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत की मेजबानी में ये 50 ओवर का मेगा इवेंट खेला जाएगा, जिसमें भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को होगा। पहले मैच में भारत की भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से चेन्नई में होगी। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से हर किसी को 12 साल बाद विश्व कप जीतने की आस लगी हुई है। इस टूर्नामेंट से पहले दिग्गजों के बीच फाइनल लिस्ट टीम से लेकर बेस्ट प्लेयर तक को लेकर जुबानी जंग हो रही है। इस कड़ी में भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने विश्व कप के लिए भारत के 3 खिलाड़ियों को गेम चेंजर के रूप में चुना है। हैरान करने वाली बात यह है कि युवराज सिंह ने भारत के लिए गेम चेंजर प्लेयर में रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या या फिर शुभमन गिल को नहीं चुना है। दरअसल, युवराज सिंह ने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रवींद्र जडेजा को विश्व कप 2023 में भारत के लिए गेम चेंजर प्लेयर बताया है। उन्होंने एक इवेंट में ये हर्षा भोगले और गौतम गंभीर के साथ बातचीत करते हुए कहा, तीन गेम चेंजर्स, मेरे लिए निश्चित रूप से बुमराह, जडेजा और तीसरा मोहम्मद सिराज होंगे।

### भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का आईफोन हो गया चोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के उस वक्त बड़ा हादसा हो गया, जब उनका आईफोन चोरी हो गया। खबरों के मुताबिक भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का आईफोन राजकोट में चोरी हो गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान ने बुधवार (27 सितंबर) को राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम वनडे में मेन इन ब्लू का नेतृत्व किया। राजकोट में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद रोहित का आईफोन गायब हो गया। भारतीय टीम अभ्यास सत्र कर रही थी और उसके ठीक बाद पता चला कि रोहित का फोन गायब हो गया है। फोन बंद होने से पहले रिंग रोड पर स्थित था। हालांकि रोहित शर्मा की ओर से पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन तलाश जारी है। सौराष्ट्र क्रिकेट असोसिएशन के साथ स्थानीय प्राधिकरण ने फोन ढूंढने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बताया जाता है कि राजकोट पुलिस भी तलाशी में शामिल है। राजकोट की रिपोर्ट के मुताबिक, इलाके में अंतरराष्ट्रीय मैचों और अन्य त्योहारों के दौरान फोन चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। दर्शक और अन्य लोग पहले भी उनके बारे में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब भारतीय कप्तान का फोन खो जाने से स्थानीय अधिकारियों की भौंहें चढ़ गई हैं।

### स्टार प्लेयर के टीम से बाहर होने पर पूर्व पाक क्रिकेटर ने पीसीबी पर निकाली भड़ास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम बुधवार को भारत पहुंची। टीम का हैदराबाद में भव्य स्वागत किया गया। बाबर आजम के नेतृत्व में टीम 29 सितंबर और 3 अक्टूबर को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ प्रैक्टिस मैच खेलेगी। 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान टूर्नामेंट का आगाज करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का दावा है कि उसने एक मजबूत टीम का चुनावा किया है। हालांकि, चोट की वजह से स्टार पेसर नसीम शाह को टीम में जगह नहीं दी गई है। नसीम शाह दाएं कंधे की चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने बड़ा खुलासा किया है। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज मोईन खान ने अब नसीम की चोट पर खुलासा किया है। मोईन खान ने क्रिकेट पाकिस्तान को बताया कि स्टार तेज गेंदबाज समस्या के बारे में लगातार शिकायत कर रहे थे, लेकिन मेडिकल टीम ने इसे नजरअंदाज करना जारी रखा। मोईन खान ने कहा, ष्नसीम की चोट पाकिस्तान की टीम के मेडिकल पैनल और फिजियोथेरेपिस्ट के लिए एक आपदा है। क्योंकि वह लगातार शिकायत कर रहे थे कि उन्हें तीन-चार महीने से दिक्कत हो रही है, फिर भी वे लगातार उन्हें खिला रहे थे। एक खिलाड़ी हमेशा यही चाहेगा कि उसे बाहर न किया जाए, लेकिन जब वह आपको अपनी चोट के बारे में बता रहा है तो आपको इसे बहुत गंभीरता से लेना होगा। मेडिकल पैनल ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

# भारत दुश्मन मुल्क... बयान पर भारी बवाल

क्रिकेट

## पाकिस्तानी अपने ही बोर्ड के चेयरमैन को दे रहे गाली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम बुधवार की शाम भारत पहुंची। टीम के खिलाड़ी वर्ल्ड कप 2023 में हिस्सा लेने के लिए हैदराबाद में उतरे और वहां उनका जमकर स्वागत हुआ। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक उनकी मेहमाननवाजी में कोई कमी नहीं रखी गई। लेकिन इसके 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन जका अशरफ ने जहर उगल दिया। उन्होंने पीसीबी के कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा के दौरान भारत को दुश्मन मुल्क बता दिया।

**पीसीबी चेयरमैन ने क्या कहा?**
वर्ल्ड कप से ठीक पहले पाकिस्तान ने अपने खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाई है। जका अशरफ इसी की घोषणा करके हुए मीडिया से बात कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने भारत की



तरफ दुश्मन मुल्क बोलकर इशारा किया। 71 साल के जका अशरफ ने कहा- मेरा मकसद है कि जब भी हमारे क्रिकेटर्स दुश्मन मुल्क या किसी भी जगह पर खेलने जाएं जहां कोई टूर्नामेंट हो रहा हो तो उनका आत्मविश्वास हाई रहना चाहिए।

**पाकिस्तान में हो रहा विरोधः** अपने खिलाड़ियों का भारत में स्वागत देखकर पाकिस्तानी के फैंस को भरोसा नहीं हो रहा था। अब जका अशरफ के बयान पर वह भी विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी फैंस अपने बोर्ड के चेयरमैन के बयान से सहमत नहीं दिख रहे हैं।

**अभ्यास मैच खेलने उतरेगी टीम**
पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड कप से पहले आज अभ्यास मैच खेलने उतरेगी। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर टीम की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी। सुरक्षा कारणों से इस मैच में फैंस को एंट्री नहीं मिलेगी। पाकिस्तान को अपना दूसरा मैच भी इसी मैदान पर 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। वर्ल्ड कप में भी पाकिस्तान राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर ही पाकिस्तान अपने दोनों शुरुआती मैच खेलेगा।

# 17 साल की पलक को गोल्ड, 18 की ईशा को चौथा मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हांगझोऊ। पलक गूलिया और ईशा सिंह ने एशियाई खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। दोनों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किये। भारत ने इस एशियाई खेलों में निशानेबाजी में छह स्वर्ण समेत 17 पदक जीत लिये हैं। पाकिस्तान की तलत किश्माला को कांस्य पदक मिला।

पलक का यह अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। उसने फाइनल में 242.1 स्कोर किया जो एशियाई खेलों में रिकॉर्ड है। बुधवार को 25 मीटर पिस्टल में व्यक्तिगत रजत जीतने वाली ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल रजत जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थी। ईशा ने व्यक्तिगत फाइनल में 239.7 स्कोर किया।

**एशियन गेम्स में भारतीय शूटर्स का जलवा**

पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (591), स्वप्निल कुसाले (591) और अखिल श्योरण (587) टीम में थे जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया। चीन 1763 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया को कांस्य पदक मिला। ऐश्वर्य और स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में पहले और दूसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। अखिल पांचवें स्थान पर रहते हुए भी फाइनल में जगह नहीं बना सके क्योंकि आठ टीमों के फाइनल में एक देश से दो ही प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।

अगले साल पेरिस ओलंपिक में पदक उम्मीद स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए 591 स्कोर किया। ऐश्वर्य का भी यही स्कोर था लेकिन इनर 10 ज्यादा मारने के कारण स्वप्निल शीर्ष रहे। महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम वर्ग में 18 वर्ष की ईशा (579), पलक (577) और दिव्या टीएस (575) का कुल स्कोर 1731 रहा। चीन ने 1736 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता जो एशियाई खेलों का रिकॉर्ड भी है। चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला। ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत भी जीता है।वहीं ईशा, मनु भाकर और रिदम सांगवान ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

## हैदराबाद और अहमदाबाद के मुस्लिम हमें सपोर्ट करेंगे...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए बड़ी जलालत झेलने के बावजूद भारत पहुंच चुकी है। मेहमाननवाजी के लिए मशहूर भारत में दुनिया की अन्य टीमों की ही तरह उसका भी शानदार स्वागत किया गया। हैदराबाद पहुंचने के बाद मिले प्यार से खिलाड़ियों और दुनिया के तमाम क्रिकेट फैंस की आंखें चौंधियां गईं। इसके बावजूद पाकिस्तान के कुछ लोग कभी नहीं सुधरने वाले। अब पूर्व क्रिकेटर मुश्ताक अहमद को ही ले लीजिए। स्पिन गेंदबाजी से दुनिया को दीवाना बनाने वाले मुश्ताक समा टीवी पर क्रिकेट वर्ल्ड कप पर चर्चा के दौरान एंकर से हां में हा मिलाते हुए जहर उगलने लगे। उन्होंने कहा कि हैदराबाद और अहमदाबाद स्टेट में मुसलमानों की संख्या ज्यादा है। वहां हमारी टीम को खूब समर्थन मिलेगा। दरअसल, इसका आगाज एंकर ने किया। उसने कहा- हमें अहमदाबाद जाना है भारत के साथ खेलने के लिए। हमें हैदराबाद में फैंस की सपोर्ट मिलने वाली है।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार



### बी. पी. पांडे ने राज्यपाल से शिष्टाचार की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन नैनीताल में रघुनंदन सिंह टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी के महानिदेशक बी. पी. पांडे ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने इस अवसर पर उनसे राज्य के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान में वर्तमान एवं आगामी प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की।

### स्वच्छता अभियान तैयारियों सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत रविवार को प्रातः 10 बजे 11 बजे तक एक घंटा चलाए जाने वाले वृह्द सफाई अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक नगर निगम देहरादून एवं ऋषिकेश सहित समस्त नगर पालिका परिषदो को स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत सार्वजनिक स्थल, पर्यटन स्थल चिन्हित करते हुए 01 अक्टूबर 2023 को प्रातः 10 से 11 बजे तक चलाए जाने वाले वृह्द स्वच्छता अभियान तैयारियों सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम एवं नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक स्थानों पर वाहनों की सूचना वाहन चालक के मोबाईल नम्बर सहित चस्पा रखे।

### नेक्स्ट आईएएस ने शुरू किया स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**संवाददाता** देहरादून। करियर के तमाम नए अवसरों के बावजूद भारत में करोड़ों युवाआज भी बड़े होकर आईएएस, आईपीएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। यही वजह है कि लाखों बच्चे अपने इस सपने को पूरा करने के लिए कई–कई साल दिल्ली, पटना, इलाहाबाद जैसे बड़े शहरों में रहकर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली इस परीक्षा की तैयारी में खुद को झोंक देते हैं। आप भी इन्हीं बच्चों में से एक हैं तो मेड ईजी ग्रुप का नेक्स्ट आईएएस इंस्टीट्यूट आपके लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम लेकर आया है।

### भारत में लॉन्च हुई बीएमडब्ल्यू आईएक्स1

**संवाददाता** देहरादून। पहली फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आईएक्स1 को आज भारत में लॉन्च किया गया है। इसके साथ कामयाब लग्जरी स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल बीएमडब्ल्यू आईएक्स1 सेगमेंट में पहला वाहन है जो पेट्रोल और डीजल ड्राइवट्रेन के अलावा नया इलेक्ट्रिक अवतार ऑफर करता है। इस श्रृंखला में सबसे नया है बीएमडब्ल्यू आईएक्स1 का इलेक्ट्रिफिकेशन ।

# मुख्यमंत्री कार्यालय में एक उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल बनाया जायेगा: सीएम

**सहमति**

■ मुख्यमंत्री धामी ने यूके में विभिन्न प्रस्तावों पर हुए करार के बारे में दी जानकारी

■ ब्रिटेन के पर्यटन मंत्री के साथ बैठक में उत्तराखण्ड और ब्रिटेन के बीच पर्यटकों की आवाजाही बढ़ाने के लिए कार्ययोजना के लिए बनी सहमति

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यू.के. दौरे से नई दिल्ली आगमन के बाद मीडिया से औपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि यू.के. में आयोजित विभिन्न बैठकों में राज्य में लगभग 12 हजार 05 सौ करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर करार हुआ। उन्होंने कहा कि अपने अप्रवासी भाई–बहनों और उत्तराखंड सरकार के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने तथा उनके निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में एक उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रिटेन के पर्यटन मंत्री के साथ उत्तराखंड और ब्रिटेन के बीच पर्यटकों की आवाजाही बढ़ाने हेतु कार्ययोजना बनाने के लिए सहमति भी बनी।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 25 सितम्बर को देहरादून से दिल्ली और फिर दिल्ली से हीथ्रो एयरपोर्ट की यात्रा के पश्चात हीथ्रो एयरपोर्ट पर जिस प्रकार उत्तराखंड के प्रवासियों ने गर्मजोशी से उत्तराखंडी रीति रिवाजों और वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत किया, वह अपने आप में भाव विभोर करने वाला पल था। उसी शाम लंदन में उत्तराखंड के प्रवासी भाई–बहनों ने स्वागत के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया ऐसा लग रहा था कि वे लंदन में नहीं बल्कि उत्तराखंड के ही किसी शहर में अपने उत्तराखंडी भाई बहनों से मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 सितंबर को फ्रांस के पोमा ग्रुप के साथ हुई बैठक में उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्रों और सुदूर क्षेत्रों को रोपवे द्वारा जोड़ने तथा जन परिवहन की दृष्टि से इस माध्यम को प्रयोग में लाने के लिये 02 हजार करोड़ रुपए का करार किया गया। पोमा ग्रुप द्वारा राज्य में देश का पहला रोपवे मैन्युफैक्चरिंग पार्क विकसित किए जाने के संदर्भ में संभावनाएं तलाशने हेतु कार्य करने का भी प्रस्ताव दिया गया। उसके बाद इंग्लैंड में स्थित भारतीय दूतावास में पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों में शामिल लोगों के साथ बैठक में उत्तराखंड में पर्यटन गतिविधियों में तेजी लाने हेतु कार्ययोजना पर मंथन किया गया तथा उन्हें प्रदेश की नई पर्यटन नीति के संबंध में जानकारी दी गई। इसके बाद उत्तराखंड में विभिन्न स्थानों पर केबल कार परिवहन व्यवस्था विकसित करने तथा औली, दयारा बुग्याल और मुनस्यारी में शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने हेतु विंटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन विकसित किए जाने हेतु सहमति जताते हुए अमेरिका के के.एन. ग्रुप के साथ 4800 करोड़ रुपए का निवेश करार किया गया। ब्रिटिश पार्लियामेंट के लार्ड मेयर तथा बर्मिंघम विश्वविद्यालय के कुलपति बिली मोरया के साथ हुई बैठक में उत्तराखंड में शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं के विषय में चर्चा की गई।

### 2500 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर हुआ करार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 सितंबर को ब्रिटेन के ऐतिहासिक शहर और औद्योगिक व शिक्षा के केंद्र के रूप में विख्यात बर्मिंघम शहर में आयोजित, उत्तराखंड में निवेश हेतु विभिन्न कंपनियों के 250 डेलिगेशनों के साथ हुई सघन बैठक (बर्मिघम रोड शो) में लगभग 1500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए। 28 सितंबर को ब्रिटेन में कार्यरत विभिन्न उद्योग समूहों के साथ हुई बैठक में पर्यटन एवं विनिर्माण क्षेत्रों में हुए करार के अंर्तगत 3300 करोड़ रुपए के अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए। जर्मन एंबेसी के अधिकारियों के साथ बैठक में जर्मनी द्वारा तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास के संबंध में उत्तराखंड को सहयोग देने के साथ–साथ हमारे कुशल कर्मकारों को जर्मनी में कार्य करने हेतु बुलाने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। लंदन नगर निगम के लार्ड मेयर के साथ उत्तराखंड के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए वित्तीय व्यवस्था के संबंध में बॉन्ड मार्केट से फंड रेज्ड करने हेतु तकनीकी सहयोग के लिये बैठक हुई।

# राज्य में मतदेय स्थलों की संख्या बढ़कर हुयी 11724

**अनुरोध**

■ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदेय स्थलों के संशोधन पर उपयुक्त प्रस्ताव देने का अनुरोध

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी.षणमुगम की अध्यक्षता में शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राज्य में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए मतदान के समय विशेषकर शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता को कम करने के उद्देश्य से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत ग्रुप हाउसिंग सोसायटी और ऊंची इमारतों के परिसरों तथा शहरी अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के आस–पास के झुग्गी–झोपड़ी समूहों के पास ही मतदान केन्द्रों को स्थापित किये जाने हेतु मतदेय स्थलों के मानकीकरण एवं पुनर्निर्धारण के संबंध में वर्तमान नियमों के परिपेक्ष्य में राज्य के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि, प्रायः यह देखने में आया है कि, शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान के प्रति उदासीन रहते है, इसको ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा ग्रुप हाउसिंग सोसायटी और ऊंची इमारतों के परिसरों तथा शहरी अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के आस–पास के झुग्गी–झोपड़ी समूहों के पास ही मतदान केन्द्रों को स्थापित किये जाने हेतु मतदेय स्थलों के मानकीकरण एवं पुनर्निर्धारण के कार्य को समय प्रदान किये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान पुनरीक्षण कार्यक्रम को संशोधित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में राज्य में स्थापित 11647 मूल मतदेय स्थल एवं आलेख्य मतदेय स्थलों की सूची पर प्राप्त प्रस्तावों पर जनपद स्तर पर मान्तया प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ विचार–विमर्श करने के उपरान्त डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से प्राप्त विवरण के अनुसार मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण प्रस्ताव तथा आयोग से समय–समय पर प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुसार तैयार कर आयोग के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये है।

### लार्वा का निरीक्षण एवं जन जागरूकता चलाया गया अभियान

**संवाददाता** देहरादून। शहर में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा गठित डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं जन–जागरूता टीम एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने–2 वार्डों एवं कार्यक्षेत्रों में पहुचकर डेंगु मच्छर के प्रसार, लार्वा का निरीक्षण एवं करते हुए जन–जागरूकता अभियान चलाया। वार्ड नम्बर 94 में सहायक निदेशक सूचना के नेतृत्व टीम द्वारा डेंगू मलेरिया, सघन अभियान चलाया गया, इस दौरान द्वारा लार्वा सर्वे करते हुए प्रचार सामाग्री वितरण, फॉगिंग, लाउडस्पीकर के माध्यम से डेंगू के बारे में लोगों को जागरूकता करते हुए, घरों प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान लापरवाही रखने वालो पर रू0 38 हजार का अर्थदण्ड लगाया गया। डेंगू मॉनिटिरिंग नोडल चिकित्साधिकारी डॉ प्रदीप राणा ने डेंगू के लक्षण एवं बचाव के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए सतर्कता बरतने को कहां।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।